# राधे–राधे जपो चले आयेंगे बिहारी .....

राधे–राधे जपो, चले आयेंगे बिहारी।
आयेंगे बिहारी, दौड़े आयेंगे बिहारी।।
राधे–राधे...

राधे मेरी चंदा, चकोर हैं बिहारी।
राधे रानी मिश्री, तो माखन हैं बिहारी।।
राधे–राधे...

राधे मेरी गंगा, तो धार हैं बिहारी
राधा रानी तन, तो प्राण हैं बिहारी।।
राधे–राधे...

राधा रानी जमुना, तो सागर हैं बिहारी।
राधा रानी मोहिनी, तो मोहन हैं बिहारी।।
राधे राधे...

राधा मेरी गोरी, तो साँवले हैं बिहारी।
राधा रानी भोली, तो चंचल हैं बिहारी।।
राधे राधे...

राधा रानी नथनी, तो कंगन हैं बिहारी।
राधा रानी मुरली, तो तान हैं बिहारी।।
राधे–राधे...

राधे–राधे जपो, चले आयेंगे बिहारी।
आयेंगे बिहारी, दौड़े आयेंगे बिहारी।।
राधे–राधे...